# श्री चितरंजन कॉन्वेंट स्कूल में दीपोत्सव एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

## सौरभ यादव की टीम ने राम जन्मभूमि का रंगोली बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

मड़ियाहूं , जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के श्री चितरंजन कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय रंगोली व दिया बनाओ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदर्शनी में नैंसी सिंह, अक्षरा जायसवाल , जान्हवी सिंह व शिवांगी चौरसिया ने अपने रचना द्वारा सभी का मन मोह लिया। इस प्रदर्शन में पहला





स्थान राम मंदिर का कृति बनाकर सौरभ यादव, चंद्रकला जायसवाल और सोहेल अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शिवांगी चौरसिया सहित उनकी टीम द्वारा बनाया गया माडल को दूसरा व सुरीली निगम, साक्षी साहू , अंजली भारती, नव्या तुलस्यान की टीम द्वारा बनाई गई ला आफ मोसन के प्रदर्शन को तीसरा स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता व दिया बनाओ प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर क्लास के बच्चों ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में तीनों चरणों में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर के मैदान में सुबह 9 बजे से ही छात्रों की टीम अपने-अपने प्रतिभा के प्रदर्शन में जुट गई। प्रधानाचार्य नूरुजमा सिद्दीकी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम पाठक, प्राइमरी की प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य नूरुजमा सिद्दीकी ने कहा कि विद्यालय स्तर पर ऐसे प्रदर्शनी से बच्चों की रचनात्मक समझ और क्षमता का आंकलन किया जाता है। विजेता व उपविजेता छात्रों को प्रबंधक/डायरेक्टर ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर बच्चों को सम्मानित किया। निर्णयकों में नीरज मिश्रा, वीरेंद्र बहादुर मौर्य, आदर्श तिवारी, सोनिया बानो, रेशम खान व अजीत कुमार प्रमुख रूप से थे। इस अवसर पर नीतू मौर्य, रोजी फारुकी, मोनी श्रीवास्तव, मोनी पाल, अवधेश यादव और रानी जायसवाल, नन्हेंलाल मौर्य, रविकांत यादव, प्रदीप कुमार यादव एवं दरख्शा बानो सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सर आदर्श तिवारी ने किया।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

## गाजियाबाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष का आमरण अनशन 13वें दिन भी जारी, हालत गंभीर

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर



जौनपुर। जनसंख्या नियंत्रण कानून की माँग के समर्थन में 23 राज्यों के 400 जिलों के संगठन कार्यकताओं के माध्यम से आम जनमानस द्वारा प्राप्त 1 करोड़ 20 लाख हस्ताक्षरित पत्रकों को लेकर बीते 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर कूच कर रहे लगभग 15 हजार लोगों को यूपी-दिल्ली बॉर्डर पर दिल्ली जाने से रोकने और उसके बाद बलपूर्वक हटाए जाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा प्रारम्भ किए गए आमरण अनशन के संदर्भ में जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन की समस्या पर कुशल एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए 'जनसंख्या नियंत्रण कानून की माँग को लेकर विगत 10 वर्षों में जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन' द्वारा देश भर में हजारों छोटी-बड़ी सभाएं, बड़ी-बड़ी रैलियां, पदयात्राएं और रथयात्राएं आयोजित की गयीं। जनसंख्या विषयक हमारे अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार का संगठन के संरक्षक तथा भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्री गिरिराज सिंह का मार्गदर्शक के रूप में अनवरत सहयोग मिलता रहा है। वर्ष 2018 में जनसंख्या नियंत्रण कानून विषयक हमारे माँग-पत्र पर 125 सांसदों का लिखित समर्थन भी हमें प्राप्त हुआ जिसे हमारे संगठन एवं 4 सांसदों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल द्वारा 9 अगस्त 2018 को तत्कालीन राष्ट्रपति को उनसे भेंट और विषय पर चर्चा के उपरान्त सौंपा गया। फाउन्डेशन द्वारा पूर्व प्रस्तावित राष्ट्र रक्षा रैली 29 अक्टूबर अपराह्न 12.30 बजे देश भर के लगभग 15 हजार लोगों के साथ जनसंख्या नियंत्रण कानून की माँग के समर्थन में 1 करोड़ 20 लाख हस्ताक्षरित पत्रक लेकर गाजियाबाद के कौशांबी से प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली की ओर रवाना हुई। 29 अक्टूबर को 1.30 बजे रैली को दिल्ली यूपी-बॉर्डर पर रोका गया जिसके बाद रात्रि लगभग 10.25 बजे पुलिस प्रशासन द्वारा हल्का बल प्रयोग करके संगठन के धरनारत लोगों को धरने से उठाकर पुलिस लाइन ले जाया गया। पुलिस प्रशासन के इस अप्रत्याशित व्यवहार के कारण राष्ट्रहित के इतने महत्वपूर्ण विषय को खटाई में पड़ता देखकर उपस्थित धरनारत लोगों ने तय किया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी तत्काल रात्रि 10.25 बजे (29 अक्टूबर) से आमरण अनशन पर बैठें। पुलिस लाइन में ट्रांस हिंडन क्षेत्र के डीसीपी शुभम पटेल और संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के बीच हुए समझौते के अनुसार सहमति बनी कि पुलिस लाइन में हिरासतरत संगठन के लोग साहिबाबाद क्षेत्र के किसी स्थान पर शांतिपूर्ण ढंग से अपना आगे का कार्यक्रम तय करें। इसी क्रम में संगठन की महिलाओं सहित अनेक पदाधिकारियों को लाजपत नगर स्थित सामुदायिक भवन छोड़ा गया जहां तब से अभी तक अनिल चौधरी आमरण अनशन पर बैठे हैं जिनके साथ कई कार्यकर्ता भी शामिल हैं। इसी विषय को लेकर फाउण्डेशन का एक प्रतिनिधिमण्डल शुक्रवार को जौनपुर जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा जहां उनकी अनुपस्थिति में मौजूद अधिकारी को पत्रक सौंपा गया जो देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित था। इस अवसर पर तरुन शुक्ल अध्यक्ष काशी प्रांत, अजय पाण्डेय मण्डल अध्यक्ष, चंद्र प्रकाश तिवारी विभाग महामंत्री अहिप, सचिन श्रीवास्तव जिला मंत्री, पंकज श्रीवास्तव उपाध्यक्ष हिंदू महासभा, शुभम तिवारी, विनोद गुप्ता, अंकित गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सांसद एवं राज्यमंत्री ने सूचना विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विकास भवन के सामने लगाई गई प्रदर्शनी सबका साथ सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के समापन के दिन राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव एवं राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने अवलोकन किया।

इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि सूचना विभाग द्वारा भव्य प्रदर्शनी लगायी गयी है जहां शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओ को सुन्दर तरीके से दशार्या गया है। आम जनमानस यहां आकर प्रदर्शनी का अवलोकन करें और योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करें।

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदर्शनी लगायी गयी है जो लोगों के लिए हितकारी है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस द्वारा भ्रमण कर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं, मुफ्त वैक्सीनेशन, मिशन रोजगार के तहत युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, मिशन रोजगार, मिशन शक्ति, ओडीओपी आदि के चित्रों का अवलोकन किया गया। इस



अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह, सुमित सिंह, अवनीश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंत:करण के तमस को मिटाए बिना बाहर प्रकाश नहीं होगा - फादर पी विक्टर

## सेंट जॉन्स स्कूल में दीपावली एवं बाल दिवस मनाया गया

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण



सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर,जौनपुर की प्रार्थना सभा में कक्षा 5 अ के विद्यार्थियों ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।बच्चों ने मोबाइल के दुष्प्रभाव पर आधारित लघुनाटिका प्रस्तुत किया।कक्षाध्यापिका श्रीमती सीमा उपाध्याय ने चाचा नेहरू के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला।दीपावली के अवकाश के कारण विद्यालय में शुक्रवार को ही दीपावली एवं बाल दिवस एक साथ मनाया गया।दीपों की पंक्ति से विद्यालय परिसर को सजाया गया।प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने बंगलुरू, कर्नाटक में आयोजित सीआईएससीई राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में जीतनेवाले विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया।अंडर 14 वर्ग में डिस्कस थ्रो में अंकित गौतम ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्रॉपर किया।अंडर 17 वर्ग में जेवलिन थ्रो में आर्यन कौल स्वर्ग पदक एवं 400 मीटर दौड़ में अंश यादव कांस्य पदक जीता।स्कूल्स गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लखनऊ में 15 दिसम्बर से 20 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अंकित गौतम एवं आर्यन कौल का चयन हुआ।प्रधानाचार्य ने दोनों खिलाड़ियों को पूर्ण मनोयोग से परिश्रम करने की सीख दी।कुणाल सिंह,आयुष मिश्रा एवं अमन बिंद ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता की।प्रधानाचार्य ने कुशल प्रशिक्षण के लिए खेल शिक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी एवं मंजू जायसवाल को सम्मानित किया।

दीपावली के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जेशिका राय एवं अदिति प्रजापति के युगल नृत्य ने सबका मन मोह लिया।सीनियर एवं जूनियर बालिकाओं का समूह नृत्य एवं समूह गान अद्भुत था।संगीत अध्यापिका दीप्ती कश्यप के नेतृत्व में विद्यालय की अध्यापिकाओं ने बच्चों के सम्मान में समूह गान किया।अध्यापिका श्रीमती नुरूस सबा ने बाल दिवस एवं कक्षा 8 वीं का छात्र अर्थ राय ने दीपावली पर अपने विचार प्रकट किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों,कर्मचारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को दीपावली एवं बाल दिवस की शुभकामना दिया।फादर ने अपने संदेश में कहा कि अंतःकरण के तमस को मिटाए बिना अंधेरा नहीं मिटेगा।बाहर के अँधेरे को मिटाने के लिए अंतःकरण को प्रकाशित करना होगा।एक दूसरे के प्रति बैर भाव मिटाना होगा,सत्य एवं प्रेम को हृदय में स्थापित करना होगा,जरूरतमंदों की मदद करनी होगी तभी दीपावली पर्व की सार्थकता होगी।कार्यक्रम में कक्षा 11 वीं की प्रगति राय एवं हंशिका यादव ने कुशल मंच संचालन किया।कार्यक्रम के अंत में कक्षा 10 वीं का छात्र शुभ श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रियलिटी शो सुर संग्राम में हरिओम बिखेरेंगे जलवा

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

बदलापुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के होनहार हरिओम ने न सिर्फ परिवार, बल्कि क्षेत्र सहित पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया। दूरभाष पर हुई वार्ता के दौरान हरिओम तिवारी ने बताया कि उनका चयन भोजपुरी के रियलिटी शो सुर संग्राम में हुआ है। उनका सीधा प्रसारण 11 नवम्बर दिन शनिवार एवं 12 नवम्बर दिन रविवार को रात्रि 8 बजे से होगा। यह प्रसारण भोजपुरी सिनेमा पर होगा। श्री तिवारी ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के टॉप 4 में अपनी जगह बनायी है। इधर इसकी जानकारी होने पर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। इसी क्रम में पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध देवी गीत गायक अभिषेक मयंक ने बताया कि हरिहोम तिवारी का चयन पूरे जौनपुर के लिये गौरव का विषय है।




आप सभी प्रदेशवासियों को
समाज जागरण परिवार की ओर से
दीपावली, धनतेरस एवं भईया दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ।
विकास राय
ब्यूरोचीफ गाजीपुर
दिलीप जायसवाल
ब्यूरोचीफ जौनपुर

# धनतेरस के अवसर पर लोहिया पार्क में मनाया गया आयुर्वेद एवं धनवन्तरि दिवस

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। अष्टम आयुर्वेद एवं धनवंतरि दिवस का आयोजन पर्यावरणीय लोहिया पार्क में हुआ जिसके मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री ने भगवान धनवंतरी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, डा. कमल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ मनीषा अवस्थी जिला होम्योपैथिक अधिकारी, डॉ मनोज वत्स सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रदीप सिंह एवं दीपक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में



विभाग की तरफ से डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राजीव जायसवाल, डा. विमल सेठ, डा. श्रीकांत पांडेय, डॉ अनिल सिंह, डा. विजेंद्र सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ. सुदर्शन बिंद, डॉ.सुजीत श्रीवास्तव, डा. विनय सिंह, डॉ अनिल सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, देवराज मौर्य, सुरेश चंद मौर्य, योग प्रशिक्षक अरविंद यादव, मयंक विक्रम सिंह, अमित सिंह, गरिमा सिंह, वंदना साहू, प्रतिमा श्रीवास्तव, अनीता यादव, नीतू यादव, सुप्रिया सिंह, प्रदीप पांडेय, मनोज सिंह, निलेश यादव, दिनेश चंद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योग के संबंध में अरविंद यादव ने जल नेति, सूत्र नेति, वकासन, मयूर आसन का प्रदर्शन किया।

# श्री राम राज्याभिषेक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर स्थित श्री राम लीला समिति के राज्याभिषेक कार्यक्रम के अवसर पर भरत मिलाप का आयोजन किया गया।

उसके पश्चात हवन पूजन सम्पन्न किया गया।राम दरबार की सुंदर झांकी का मंच पर लोगों ने देर रात तक दर्शन एवं पूजा चढ़ाने का कार्य किया। इसी क्रम में प्रधान पति मोहम्मद अलीम एवं प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद फैयाज को रामलीला समिति के द्वारा माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अलीम एवं मोहम्मद फैयाज के द्वारा मंच पर उपस्थित सभी कलाकारों एवं पात्रों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर



सम्मान किया गया।गायक आरजू अंचल एवं गायिका अभिनेत्री रिया पाण्डेय, प्रियंका सिंह प्रिया एवं तनु तान्या ने अपने बेहतरीन गायकी से शमां बांध दिया। कलाकारों ने भक्ति संगीत से लेकर गीत गजल से कार्यक्रम में लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

**देर रात तक हजारों की संख्या में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।**

इस अवसर पर संयोजक अनिल कुमार राय, डायरेक्टर ओंकार नाथ राय, प्रबंधक सुनील कुमार राय,डा0दिनेश चन्द्र राय,पूर्व प्रधान राजेश कुमार राय,जितेन्द्र नाथ राय,जय प्रकाश राय, अश्वनी राय,अनिल राय,बिनय राय, कोषाध्यक्ष उमेश चन्द्र राय, सुभाष ठाकुर, राजकुमार पाण्डेय,जयराम ठाकुर,महेश्वर पाण्डेय,दया राय,हन्नु राय समेत सभी पात्र एवं पदाधिकारी तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# युवा नेता आदित्य सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मना, कैबिनेट मंत्री सहित छात्र नेताओं ने दी शुभकामनाएं

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। भाजपा के युवा नेता एवं आईडी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज के निदेशक आदित्य सिंह के जन्मदिन पर कैबिनेट मंत्री सहित विधायक, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य व छात्र नेताओं ने बधाई दी है। भाजपा नेता आदित्य सिंह का जन्मदिन पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र नेता व युवाओं ने ग्रामीण अंचल में भी केक काटकर उन्हे बधाई दी। राजधानी से कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक और अन्य



जनप्रतिनिधियों ने उन्हे मोबाइल पर बधाई दी है। इस अवसर पर आदित्य सिंह ने कहा कि लोगों का आशीर्वाद पाकर मैं बहुत ही हर्षित हूं। हमारा प्रयास रहेगा कि जीवन-पर्यत्न लोगों की सेवा कर गाजीपुर के विकास के लिए सदैव संघर्ष करता रहूं।

# धनतेरस की खरीदारी को लेकर नोएडा सोम बाजार मे उमड़ी भीड़।

समाज जागरण डेस्क

दीपावली आस्था के साथ साथ व्यवसायिक त्योहार है और इस पर दुनिया भर के कारोबारियों का नजर टिकी रहती है। छोटे कारोबारियों से लेकर शेयर बाजार तक को धनतेरस का खास इंतजार रहता है। इसलिए आज महानगर से लेकर गाँव की हाट तक खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है।




नोएडा सोमबाजार मे आज सुबह से ही दुकान सजी पड़ी है वही खरीदारी के लिए भीड़ उमर रही है, नोएडा सदरपुर स्थित वी डी एस मार्केट मे वी. के ज्वेलर्स पर आज सुबह से ही खरीदारो को तांता लगी हुई है। खरीदारों की लंबी लाइन देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



नोएडा सोमबाजार सब्जी मंडी जिसमे आज सब्जी की मार्केट कम है लेकिन धनतेरस के लेकर बाजार मे खुब भीड़ देखी जा रही है। सबसे ज्यादा भीड़ स्टील के वर्तन की दुकान पर है। वही दीपावली में झाड़ू खरीदने को लेकर भी दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई है।

सदरपुर कालोनी की बात करे तो यहाँ शिव मंदिर के पास से लेकर गली नंबर 18 तक दुकानदारों ने धनतेरस के अवसर पर विशेष सजावट किया हुआ है। गली मे मोबाइल के दुकानों पर भी भारी भीड़ देखी गयी। कुलदीप मोबाइल के तरफ से जहाँ एक तरफ दुकान पर विशेष सजावट किया गया है वही दूसरी तरफ बड़े बड़े होर्डिंग भी बाजार मे लगाए गए है।

## बालाजी नें खास गिफ्ट पैक

धनतेरस के मौके पर बालाजी के द्वारा खास स्टाल लगाया गया है, मिष्ठान से लेकर गिफ्ट पैक की खास व्यवस्था की गई है जो खरीदारों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहाँ पर सोन पापड़ी के साथ साथ बच्चों के लिए मिक्स गिफ्ट पैंक खरीद सकते है।

# दीपावली उत्सव के उपलक्ष में सीमा सुरक्षा बल खगड़ा कैंप में भव्य मेला का आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

10 नवंबर। दीपावली पर्व की शुरूवात के पहले दिन क्षेत्रीय मुख्यालय खगड़ा कैंप सीमा सुरक्षा बल में प्रतिवर्ष के भांति भव्य मेला का आयोजन किया गया है। इस मेला का विधिवत उद्घाटन ईश औल उपमहानिरीक्षक और श्रीमती मोना औल रीजनल प्रेसिडेंट परिवार कल्याण केन्द्र किशनगंज के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आई के वालदे कमांडेंट तथा सभी वाहिनियों (17, 72, 132, 152, 175 वाहिनी) के कमांडेट / कार्यवाहक कमांडेंट आयोजित संयुक्त मेला के शुभारंभ पर उपस्थित थे।

ईश औल उपमहानिरीक्षक के उपस्थित सभी परिवार के सदस्यों को, सीमा पर तैनात जवानों को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस आयोजन से पूरा कैंपस खुशियों से भरा लग रहा था कैंपस में निवास करनेवाले सभी परिवार एकसाथ दीपावली का पर्व मनाने से भरपूर आनंद ले रहे है इस आयोजन इसका लुफ्त उठा रहे है। बच्चों एवं बड़ो के लिए विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे लॉटरी, तंबोला टग ऑफ वार इत्यादि।



खगड़ा कैंपस और पंजीपरा कैंपस में रहनेवाले सभी परिवारों ने इस आयोजन में बढ़चड़कर भाग लिया है। उपमहानिरीक्षक महोदय ने पुनः एकबार उपस्थित कर्मियों और परिवार के सदस्यों में मनोरंजन हेतु रंगारंग कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है जिसमे सभी वाहिनियो के नामी कलाकारों ने भाग लिया है। विविध प्रकार के स्टॉल लगवाकर इस प्रांगण के सभी कार्मिक को संबोधित किया बधाई देने के पश्चात इस आनंदमय महोत्सव में अनेक विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया अंत में कार्यक्रम को पूर्णविराम की घोषणा की।

# नए मतदाता को जोड़ने हेतु डीएम तुषार सिंगला के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम खगड़ा किशनगंज से निकाली गई जन जागरूकता रैली

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

01/01/2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के निमित सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवम जागरूकता कार्यक्रम(रश्एएढ) अंतर्गत नए मतदाता को जोड़ने हेतु डीएम तुषार सिंगला के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली शहीद अशफाक उल्ला खां स्टेडियम खगड़ा किशनगंज से निकाली गई।

उच्च विद्यालय के बच्चों के द्वारा निकाली गई साइकिल रैली का समापन मातृ मंदिर, डे मार्केट में हुआ। उक्त रैली में डीएम के नेतृत्व में माननीय जनप्रतिनिधि यथा जिला परिषद अध्यक्षा ,नगर परिषद अध्यक्ष ,जिला प्रशासन के समस्त पदाधिकारी,गणमान्य लोग समेत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि , समाजसेवी, आमजन, मीडिया प्रतिनिधि की सहभागिता रही।



बता दें कि खगड़ा स्टेडियम से मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते हुए डीएम ने अपने संबोधन में योग्य युवा को मतदाता पंजीकरण करवाने तथा मतदान अवश्य करने की अपील की है। उपस्थित सभी बच्चो व आम जनों को मतदान का महत्व बतलाया।

लोगो के बीच मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूकता लाने हेतु डीएम तुषार सिंगला स्वयं खगड़ा स्टेडियम से प्रशासनिक अधिकारियों तथा राजनीतिक दल प्रतिनिधियो के साथ रैली में भाग लिए तथा पैदल चालकर समाहरणालय पहुंचे। पूरे रास्ते उन्होंने आमजनों के बीच आगामी लोक सभा निर्वाचन के निमित निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में अवश्य भाग लेने का संदेश दिया।

# शिव शिष्यता एक विश्वास, अंधविश्वास नहीं -हरीन्द्रानंद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

शहर के खगड़ा स्थित नागेश्वर मंडल के आवास पर संध्या शिव गुरू चर्चा आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय शिव शिष्य एवं शिव शिष्याओं ने भजन एवं चर्चा के माध्यम से शिव को ही गुरू बनाने की अपील की।शिव चर्चा में कहा गया कि साहब श्री हरीन्द्रानंदजी के मुताबिक शिव शिष्यता एक विश्वास है अंधविश्वास नहीं है। जिसने भी शिव को गुरू माना है सभी शिव शिष्यों ने अपने गुरू शिव को जांचा और परखा है फिर शिव गुरू के प्रति विश्वास गहरा हुआ है ।शिव शिष्यता के जनक साहब श्री हरीन्द्रानंदजी ने भी शिव को गुरू मानने के बाद गुरू से प्राप्त परिणाम एवं अपने अनुभूति को जन-जन को बताया। आज उनके बताए मार्ग पर ही

शिव को लोग गुरू बना रहें है और परिणाम स्वरूप लाखों शिव के शिष्य देश व विदेश में भी हैं। इस अवसर पर शिव शिष्य कैलाश चौधरी, सुबोध साहा, सुरेन्द्र सहनी ,रामनाथ शर्मा सुनिता नीतू इत्यादि गुरू भाई बहन शिव चर्चा में भाव विभोर होकर अपने गुरू शिव की बात बतायी।

# फुलकाहा थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब सहित 6 बाइक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। फुलकाहा थाना पुलिस ने शुक्रवार के दिन समय करीब 12:00 बजे गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मीपुर अचरा मार्ग फुटानी चौक बजरंगबली मंदिर के समीप भारी मात्रा में शराब सहित 6 बाइक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जप्त शराब में नेपाल निर्मित दिल वाले नामक 300 एमएल के 467 बोतल एवं मैकडॉवेल नंबर-01, 300 एमएल 21 बोतल तथा 180 एमएल 6 बोतल कुल- 8.955 लीटर बताया गया है। वहीं जप्त कुल 6 बाइक में चार टीवीएस स्टार सिटी, एक होंडा शाइन, एक हीरो ग्लैमर है। फुलकाहा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ करने पर अपना नाम जनार्दन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता स्वर्गीय शत्रुघन यादव साकिन मानिकपुर वार्ड संख्या-12 थाना फुलकाहा, जिला अररिया, तथा दूसरा तस्कर रौशन कुमार यादव उम्र 23 वर्ष पिता प्रहलाद यादव साकिन रामघाट, वार्ड संख्या-05, थाना नरपतगंज, जिला अररिया बताया गया है। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह फुलकाहा थाना अध्यक्ष साजिद आलम ने बताया कि अन्य फरार तस्करों की पहचान की जा रही है, जल्द से जल्द पहचान कर सभी पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# जदयू जिला अध्यक्ष मुजाहिद आलम की अध्यक्षता में पार्टी की चुनाव को लेकर एक अहम मीटिंग किया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष किशनगंज सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम की अध्यक्षता में पार्टी की एक अहम मीटिंग किशनगंज में हुई। मीटिंग में शीर्ष पार्टी नेतृत्व एवं चुनाव आयोग के निर्देश पर किशनगंज जिले के 1166 बुथों पर इछअ बुथ लेबल एजेंट की तैनाती पर विचार विमर्श किया गया।52 बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में 301बुथों,53 ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र में 301बुथों,54 किशनगंज विधानसभा क्षेत्र में 298 बुथों एवं 55कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र में 266 बुथों पर बीएलए की तैनाती की गई है। बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष टेढ़ागाछ साहिद आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिघलबैंक हाफिज अंसार आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बहादुरगंज हरिहर पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कोचाधामन दानिश एकबाल, जदयू प्रखंड अध्यक्ष किशनगंज-मो सूफियान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष पोठिया जलालुद्दीन कादरी,जदयू नगर अध्यक्ष किशनगंज डा नूर आलम, जदयू नगर प्रभारी अब्दुल बारिक उर्फ चांद, जदयू जिला महासचिव डा नजीरूल इस्लाम, जदयू कार्यालय प्रभारी रियाज अहमद,जदयू जिला सचिव नजीब मोहम्मद उपस्थित रहे। बीएलए नियुक्ति हेतु सभों को प्रखंडवार एवं नगर वार बीएलए फार्मेट और वोटर लिस्ट उपलब्ध करा दिया गया है ।एक सप्ताह के अन्दर सभी बुथों पर बीएलए की नियुक्ति कर फार्मेट कम्पलीट कर कार्यालय को उपलब्ध कराना है। 52 बहादुरगंज



विधानसभा क्षेत्र के बहादुरगंज प्रखंड के 20 पंचायतों में 159, टेढ़ागाछ प्रखंड के 12 पंचायतों में 96, दिघलबैंक प्रखंड के तीन पंचायतों में 23एंव बहादुरगंज नगर पंचायत में 23 ,कुल 301 बीएलए की नियुक्ति की जानी है।53 ठाकुरगंज विधानसभा क्षेत्र के दिघलबैंक प्रखंड के तेरह पंचायत में 110, ठाकुरगंज प्रखंड के 22 पंचायत में 169, नगर पंचायत पौआखाली में 08एंव नगर पंचायत ठाकुरगंज में 14,कुल 301 बीएलए की नियुक्ति की जानी है।54 किशनगंज विधानसभा क्षेत्र के किशनगंज प्रखंड के चार पंचायत में 35, नगर परिषद किशनगंज में 81, पोठिया प्रखंड के 22 पंचायत में 182 कुल 298 बीएलए की नियुक्ति की जानी है।ठीक इसी प्रकार 55 कोचाधामन विधानसभा के 24 पंचायतों में 211, किशनगंज प्रखंड के छे पंचायत में 55 ,कुल 266 बीएलए की नियुक्ति की जानी है।

## पटाखों का नहीं करें प्रयोग, ग्रीन दिवाली मनाएं- जिला पदाधिकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने सभी जिलेवासियों को धनतेरस एवम आगामी दीपावली त्योहार की शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने दीपो के उत्सव दीपावली पर पारंपरिक रूप से दीपक जलाकर ग्रीन दिवाली मनाने का आग्रह किया। दीपावली के दौरान पटाखों का इस्तेमाल नहीं करने का अनुरोध किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आतिशबाजी पर्यावरण के लिए हानिकारक है, जिसका प्रभाव इंसानों के साथ-साथ जानवरों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इसलिए दिवाली पर पटाखे की बजाय रंगोली और ग्रीन पटाखों के साथ त्योहार मनाएं।

ग्रीन पटाखे का करें इस्तेमालः

दिवाली पर पटाखों की जगह ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्रीन पटाखों को बनाने में फ्लावर पॉट, पेंसिल और स्पार्कल्स का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रीन पटाखे साइज में छोटे भी होते हैं और इसे रॉ मैटेरियल से बनाया जाता है।

# चिंता : नशे के सौदागर इंडो-नेपाल सीमान्त इलाका को बना रहे हैं ड्रग्स का गढ़

*इंडो-नेपाल सीमा प्रशासन ड्रग्स कारोबारियों के खिलाफ सख्त कारवाई हेतु है सक्रिय*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित खोरीबाड़ी, गलगलिया व भद्रपुर इलाका इन दिनों ड्रग्स कारोबारियों एवं नशेरियों का गढ़ बनता जा रहा है । साथ ही नशे के सौदागर युवा पीढ़ियों को ड्रग्स के कारोबार में पैसे की लालच देकर इन धंधों में शामिल करने में सफल हो रहे हैं, जो भावी समाज के लिए एक चिंता का विषय बनता नजर आ रहा है । लेकिन इंडो-नेपाल सीमा इलाके को ड्रग्स कारोबारियों से मुक्त कराने हेतु जिम्मेवार प्रशासन भी लगातार कारवाई कर रही है । नेपाल की झापा जिला पुलिस भी ड्रग्स कारोबारियों एवं नशेरियों के खिलाफ लगातार कारवाई कर रही है । झापा जिला डी एस पी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने



बताया कि इंडो-नेपाल सीमा इलाके को ड्रग्स कारोबारियों से मुक्त कराने हेतु जल्द ही खोरीबाड़ी, गलगलिया आदि थाना पुलिस से समन्वय स्थापित कर ड्रग्स कारोबारियों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। बताते चले कि ड्रग्स कारोबारियों के खिलाफ कारवाई करते हुए बुधवार को गलगलिया में एस एस बी 41वीं बटालियन के जवानों ने संदिग्ध मॉर्फिन के साथ एक युवक को हिरासत में लिया था । इसी क्रम में गलगलिया थाना पुलिस ने गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को 110 ग्राम संदिग्ध ब्राउन सुगर के साथ एक युवक को हिरासत में लिया । हिरासत में लिए गए युवक का नाम 22 वर्षीय किशन कुमार गलगलिया थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है । साथ उसके पास से 68210 रुपये नेपाली करेंसी, 3300 रुपये भारतीय करेंसी एवं वेट मशीन भी जप्त की गई ।

गलगलिया थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए युवक के खिलाफ आवश्यक कारवाई के बाद शुक्रवार को अग्रिम कारवाई हेतु किशनगंज न्यायालय में पेश किया गया ।

# किशनगंज शहर में धनतेरस को लेकर बाजारों में चहल-पहल

राहुल कुमार किशनगंज

किशनगंज शहर में धनतेरस को लेकर शुक्रवार को बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई। धनतेरस को लेकर एक दिन पूर्व ही दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के आगे सामग्री निकाल कर तैयारी शुरू कर दी थी। वही इस दौरान शुक्रवार को बर्तन, इलेक्ट्रिक, झाड़ू, सोने चांदी, कपड़े सहित अन्य दुकानों में सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। धनतेरस को देखते हुए शुक्रवार को खरीदारों का रुख बाजार की ओर होने से शहर की रौनक बढ़ गई।



# सतर्कता : दीपावली व आतिशबाजी को ले अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया(किशनगंज) । इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित गलगलिया में इन दिनों दीपों का त्यौहार दीपावली एवम् लोक आस्था का महापर्व छठ के नजदीक आते ही अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को विभाग की ओर से आतिशबाजी सहित विभिन्न कारणों से होने वाली संभावित आगजनी से निपटने के लिए आम जन व गलगलिया बाजार स्थित दुकानदारों को जागरूक किया गया है।

**अग्निशमन विभाग के एएस-ाआई बिजेंद्र कुमार**

ने बताया कि दीपोत्सव एवम् छठ पर्व के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हर वक्त दमकल के साथ 24 घंटे तैयार रहेंगे। गलगलिया थाना क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले बाजार और अलग-अलग संभावित क्षेत्रों में दिपावली के दौरान अग्निशमन यंत्र के साथ दमकल कर्मी मुस्तैद रहेंगे। जिससे कि अगर कोई सूचना मिलती है, तो तुरंत मौके पर जाकर आग पर काबू पाया जा सके। अग्निशमन एएसआई बिजेंद्र कुमार ने गलगलिया बाजार के पटाखा के दुकानदारों से अपील की है कि लोगों को आतिशबाजी करने के दौरान पानी से भरी बाल्टी या रेत से भरी बाल्टी अवश्य ही रखें। इसके साथ ही ढीले और सिंथेटिक कपड़े नहीं पहने। वहीं उन्होंने लाइट डेकोरेशन करने के दौरान शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आग को लेकर आवश्यक रूप से ध्यान देने की भी अपील की है। वहीं उन्होंने आमजन एवम् दुकानदारों से कहा की पटाखों या किसी कारण से कहीं आग लगती है तो इसकी सूचना 101, 112, 06456-222744, 7485805956 एवम् 7485805957 पर दीजिए। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तुरंत उस स्थान पर पहुंचेंगे। इस मौके पर सिपाही राजू कुमार,राज सिंह, पवन राज, चालक रंजीत कुमार एवम् सौरभ कुमार मौजूद थे।



# विषैला सांप के डसने से छात्रा की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खरौनी गांव में विषैले सांप के डसने से छात्रा की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खरौनी गांव निवासी साधु यादव की पुत्री बेबी कुमारी (14) है। और आठवीं कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत छात्रा की बहन निराशा उर्फ ममता ने बताया कि देर शाम वह भूसा घर से भूसा निकल रही थी। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया, जिसे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से हुई जख्मी

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के अगियाँव गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनंन फानन में जख्मी महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल आरा लाया गया। जहां जख्मी महिला का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार को महिला अपने मायके संदेश थाना क्षेत्र की कोरी गांव से लौट रही थी तभी अगियाँव गांव के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी महिला पिरो थाना क्षेत्र के भड़सर गांव निवासी बिरन पासवान की 35 वर्षीय पत्नी तेतरा देवी बताई जा रही है।

# धनतेरस व दीपावली को लेकर सबसे अधिक भीड़ सोने चांदी व कपड़ों की दुकानों पर दिखी।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। जिले के सीमावर्ती बाजारों एवं शहरों में धनतेरस को लेकर शुक्रवार को काफी चहल-पहल देखी गई।एक दिन पूर्व से ही दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को सजावट कर रखे सामग्री को बाहर निकाल कर तैयारी शुरू कर दी थी। वहीं इस दौरान शुक्रवार को बर्तन, इलेक्ट्रिक, झाड़ू, सोने चांदी, कपड़े सहित अन्य दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। धनतेरस के मौके पर शुक्रवार को खरीदारों का रुख बाजार की ओर होने से शहर की रौनक बढ़ गई है। धनतेरस व दीपावली को लेकर सबसे अधिक भीड़ सोने चांदी व कपड़ों, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर देखा गया। वहीं बढ़ते महंगाई के बावजूद भी लोगों में धनतेरस को लेकर काफी उत्साह देखा गया है।



# आरा स्टेशन पर बुजुर्ग का शव हुआ बरामद

## स्वाभाविक मौत होने की जताई जा रही है आशंका

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो स्थित टॉयलेट के समीप सीधी के सेड के पास एक अज्ञात 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर आरा रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका आरा पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुड़ गई है। उधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात बुजुर्ग की मौत अत्यधिक उम्र होने के कारण स्वाभाविक मौत होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। वही खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# गाजा-फिलिस्तीनियों पर हो रहे हमले के खिलाफ माले ने निकला प्रतिरोध मार्च

**दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय पर गज फिलिस्तीनियों पर हो रहे हमले के खिलाफ भाकापा माले कार्यकताओं के द्वारा चरपोखरी में प्रतिरोध



निकल गया। प्रतिरोध मार्च भाकपा माले कार्यालय से प्रारंभ होकर पूरे चरपोखरी बाजार पर भ्रमण करते हुए पुनः कार्यालय पहुंचा। प्रतिरोध मार्च के दौरान भाकपा माले कार्यकर्ताओं के द्वारा फिलिस्तीनियों का नरसंहार बंद करो, राज पाठ हो बर्बाद,सहित अन्य नारों के साथ भाकपा माले कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रतिरोध मार्च निकाला गया।उसे दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव महेश प्रसाद, रामेश्वर यादव, राहुल कुमार, शक्ति कुमार, टेंगर राम, सहित अन्य भाकपा माले के कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाई दूज के दिन क्यों की जाती है कायस्थों के अराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा।

**दैनिक समाज जागरण, शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता धनबाद/राजेंद्र मिश्र , ब्यूरोचीफ , उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल झारखंड प्रदेश।**

धनबाद (झारखंड) 10 नवंबर 2023:- भगवान श्री चित्रगुप्त का जन्म ब्रह्मा जी के चित्त से हुआ था. भगवान चित्रगुप्त को देवताओं के लेखपाल और यम के सहायक के रूप में पूजा जाता है. भगवान चित्रगुप्त मुख्य रूप से लेखा-जोखा रखने का कार्य करते हैं. इसलिए इनका मुख्य कार्य लेखन से जोड़कर देखा जाता है. वैसे तो भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा ज्यादातर व्यापारी वर्ग के लोग करते हैं लेकिन कायस्थ कुल के लोगों को भगवान चित्रगुप्त का वंशज माना जाता है. इसी वजह से कायस्थ परिवार के लोग भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन और उनके साथ कलम-दवात का पूजन इस दिन विशेष रूप से करते हैं.

दिवाली के दुसरे दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है.

भाई दूज के दुसरे दिन बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं. इसी दिन भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा का विधान भी है. साथ ही लेखनी की पूजा भी चित्रगुप्त जी की पूजा के दौरान ही की जाती है. वैसे तो ज्यादातर लोगों को भगवान चित्रगुप्त जी के बारे में पता है. लेकिन जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें हम बता देते हैं कि भगवान चित्रगुप्त कौन हैं और इनकी पूजा का क्या महत्त्व है. इसके साथ ही आपको यह भी बताते हैं कि भगवान चित्रगुप्त जी के तीन प्रमुख मंदिर कहां-कहां हैं.

### जानें कौन हैं भगवान चित्रगुप्त

हिंदू धर्म से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार भगवान चित्रगुप्त का जन्म ब्रह्मा जी के चित्त से हुआ था.भगवान चित्रगुप्त को देवताओं के लेखपाल और यम के सहायक के रूप में पूजा जाता है. चित्रगुप्त जी का कार्य मनुष्य के अच्छे और बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखना है. माना जाता है कि मनुष्य को उनके कर्मों के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है और उनके जीवन व मृत्यु की अवधि का हिसाब-किताब भी कर्मों के अनुसार ही लिखा जाता है. ये लेखा-जोखा भी भगवान चित्रगुप्त जी ही रखते हैं. इसलिए भगवान चित्रगुप्त मुख्य रूप से यमदेव के सहायक हैं.

दरअसल, भाई दूज पर यम ने अपनी बहन यमुना को एक वरदान दिया था. इस वरदान के अनुसार भाई दूज के दिन जो भाई अपनी बहन के यहां जाकर, बहन के हाथों माथे पर तिलक लगवायेगा और उसके यहां भोजन करेगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा. इसलिए भाई दूज के इस त्योहार को यम द्वितीया भी कहा जाता है. चूंकि भगवान चित्रगुप्त यम देव के सहायक हैं, इसलिए भाई दूज के दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा भी की जाती है.

### भगवान चित्रगुप्त पूजा का महत्व

भगवान चित्रगुप्त मुख्य रूप से लेखा-जोखा रखने का कार्य करते हैं. इसलिए इनका मुख्य कार्य लेखनी से जोड़कर देखा जाता है. यही वजह है कि भाई दूज के दिन चित्रगुप्त जी के प्रतिरूप के तौर पर कलम का पूजन भी किया जाता है. माना जाता है कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने से बुद्धि, वाणी और लेखनी का आशीर्वाद मिलता है.

बता दें कि कायस्थ कुल के लोगों को भगवान चित्रगुप्त का वंशज माना जाता है. इसी वजह से कायस्थ परिवार के लोग भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन और उनके साथ कलम का पूजन इस दिन विशेष रूप से की जाती है.

### चित्रगुप्त पूजा से मिलती है नर्क के कष्टों से मुक्ति, जानें डेट, पूजा मुहूर्त।

दिवाली से दो दिनों बाद चित्रगुप्त पूजा की जाती है, मान्यता है इससे नर्क के कष्ट नहीं झेलने पड़ते. जानें साल 2023 में चित्रगुप्त पूजा की डेट, मुहूर्त और इस दिन का महत्व

चित्रगुप्त पूजा से मिलती है नर्क के कष्टों से मुक्ति, जानें डेट, पूजा मुहूर्त। हिंदू धर्म में चित्रगुप्त पूजा का खास महत्व है. यह हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर मनाई जाती है. इस दिन यमराज के सहायक भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने का विधान है.

चित्रगुप्त भगवान मानव के अच्छे-बुरे कर्मों के आधार पर बताते है कि मृत्यु के बाद आत्मा को स्वर्ग मिलेगा या नर्क.

इस दिन चित्रगुप्त जी, कलम-दवात, बही खातों की पूजा की जाती है, मान्यता है इससे उन्नति होती है साथ ही नर्क के कष्ट नहीं सहने पड़ते हैं।

चित्रगुप्त पूजा 15 नवंबर 2023 मंगलवार को है. इस दिन भाई दूज, यम द्वितीया भी मनाई जाएगी. भगवान चित्रगुप्त हिसाब रखने का काम करते हैं. इसलिए इनका मुख्य कार्य कलम से जोड़कर देखा जाता है, ऐसे में इस दिन कलम को चित्रगुप्त की प्रतिमा के रूप में भी पूजा जाता है.

### चित्रगुप्त पूजा 2023 मुहूर्त

कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि - 14 नवंबर 2023, दोपहर 02 बजकर 36.से कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि - 15 नवंबर 2023, दोपहर 01 बजकर 47 रहेगी। चूंकि हिन्दू धर्म में सुबह का लिया जाता है तो सुबह का मुहूर्त 15 नवंबर को सुबह 10.48 - दोपहर 12.13, अभिजित मुहूर्त - सुबह 11.50 - दोपहर 12.36,अमृत काल मुहूर्त - शाम 05.00 - शाम 06.36,राहुकाल समय - दोपहर 03.03 - शाम 04.30.है।

### कायस्थ लोगों के इस्ट देवता के रूप में भी चित्रगुप्त भगवान को पूजा जाता है.

भगवान चित्रगुप्त का स्मरण करने से कार्य में उन्नति,आकर्षित वाणी और बुद्धि में वृद्धि का वरदान प्राप्त होता है. साथ ही व्यक्ति को नर्क की यातनाएं नहीं झेलनी पड़ती. कारोबारियों के लिए इस दिन का विशेष महत्व होता है, इस दिन नई किताबों पर 'श्री' लिखकर काम की शुरूआत की जाती है. इसके अलावा सभी आय-व्यय का विवरण चित्रगुप्त जी के सामने रखा जाता है.

# नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय में भाजपा का प्रदर्शन

उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ ( दार्जिलिंग):

भाजपा सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला व नक्सलबाड़ी ब्लॉक भाजपा ने केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित उपभोक्ताओं के अधिकारों की मांग को लेकर




शुक्रवार को नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में हो रहे राशन में भ्रष्टाचार की उचित जांच की मांग की। इस मौके पर सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला के उपाध्यक्ष मनोंजन मंडल , सचिव बबीता छेत्री , सिलीगुड़ी महकमा परिषद के विपक्ष के नेता अजय उरांव , नक्सलबाड़ी पंचायत समिति के विपक्ष के नेता शैलेन राय समेत अन्य कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे ।

सिलीगुड़ी सांगठनिक जिले के उपाध्यक्ष मनोंजन मंडल ने कहा कि आज का प्रदर्शन राज्य भर में चल रहे राशन भ्रष्टाचार के खिलाफ है । इसमें नक्सलबाड़ी इलाके में हो रही समस्याओं को उजागर किया गया है । अगर आने वाले दिनों में यह भ्रष्टाचार बढ़ा तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा

# मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कोर्डिनेटर पद पर सुदेश कटारिया की नियुक्ति

## डाक्टर अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक सूचना ,जनसम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग ने श्री कटारिया को दिलाई शपथ




विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ, 10 नवम्बर - हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक सूचना, जनसम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग डा. अमित अग्रवाल ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कोर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया को पदभार ग्रहण करवाया और बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डा. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के चीफ मीडिया कोर्डिनेटर नियुक्त किए जाने से जनसम्पर्क विभाग की टीम में बढौतरी हुई है। विभाग का मुख्य कार्य आम लोगों विशेषकर लाईन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ रही है। उसी तरह जनसम्पर्क विभाग की टीम भी लोगों को जागरूक कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है।

डा. अग्रवाल ने कहा कि चीफ मीडिया कोर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया बहुत अनुभवी व्यक्ति है। विभाग को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और विभाग की टीम सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को और अधिक त्वरित गति से जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेगी। उन्होंने ` दीपावली की शुभकामनाएं दी और मिठाई खिला कर उनके सुखद भविष्य की मंगल कामना व्यक्त की।

चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने उन्हें मीडिया में काम करने का अवसर दिया है। इसके लिए वे तहदिल से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं और आखिरी सांस तक समाज के हकों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एक संत और ईमानदार नेता के रूप में छवि है। प्रत्येक हरियाणवी को साथ लेकर चलते हैं और वर्तमान में गांव गांव जाकर जनसंवाद के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए लगे हुए है।`

श्री कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वंचित एवं गरीब समाज की भलाई के लिए कार्य किया है। पूर्ववर्ती सरकारें वंचित समाज वोट के नाम पर इस्तेमाल करती रहीं है। हरियाणा के गठन के बाद पहली बार ऐसे मुख्यमंत्री मिलें है जो निरन्तर गरीब, वंचित और दलित वर्ग की भलाई के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा अनुसूचित वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रमोशन में रिजरवेशन देने का ऐतिहासिक कार्य किया हैं जिससे समाज के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि -बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले न भीख- मुख्यमंत्री ने बिना मांगे ही प्रमोशन में रिजर्वेशन का लाभ दिया है। इससे बड़ा कोई लाभ नहीं हो सकता। इससे पहले एससी कर्मचारी बिना पदौन्नति के ही रिटायर हो जाते थे।

चीफ मीडिया कोर्डिनेटर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हरियाणा में अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर पीड़ितों एवं वंचितो को न्याय दिलाने का कार्य किया है। इससे पहले लोगों को अपनी शिकायतें लेकर दिल्ली जाना पड़ता था। इसके अलावा भ्रष्टाचार का भी बोलबाला रहता था। मेरिट आधार पर बिना खर्ची व पर्ची के सरकारी नौकरियां दी हैं जिसका सबसे अधिक लाभ गरीब एवं एससी समाज को मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यवस्था परिवर्तन में अमूलचूल परिवर्तन किया है। विकसित देशों की तर्ज पर एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं दी है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से एक ही क्लिक से 39 लाख परिवारों के बीपीएल कार्ड बनाए और 60 साल की आयु पूर्ण होते ही स्वतः की बुढापा पैंशन बन रही है। इस तरह की नई पहल करके मुख्यमंत्री ने जनता से सीधा सम्पर्क किया और ऐतिहासिक निर्णय लेकर लाभान्वित किया। इनके बल पर गरीब एवं एससी समाज मुख्यमंत्री को सत्ता में लाने का काम करेगा इसलिए भाजपा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाईजर राजीव जेटली, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, अशोक छाबड़ा, रणदीप घणघस भी मौजूद रहे।

# सुशासन के लिए सामंजस्य एवं संयम ही होता है महत्वपूर्ण बिंदु

## प्रदेश सरकार 3 लाख कर्मचारियों को नैतिकता आदर्शों के लिए करेगी प्रशिक्षण की शुरूआत - संजीव कौशल

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



चंडीगढ़, नवंबर - हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने युवा एचसीएस अधिकारियों को अपने कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष और पूर्वाग्रह भेदभाव से मुक्त रहकर अपनी ईमानदारी और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।`

मुख्य सचिव आज यहाँ हरियाणा सिविल सेवा के 45 प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। श्री कौशल ने लोक सेवकों को अपने आचरण में अटूट नैतिक मानकों और ईमानदारी को बनाए रखने तथा पूरे दिल से` लोगों की सेवा करने के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने सुशासन के बुनियादी सिद्धांतों पर फोकस करते हुए राजनीतिक झुकाव से बचने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सुशासन सामंजस्यपूर्ण संयम बनाए रखते हुए नागरिकों और सरकार के बीच आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता के स्तंभों पर निर्भर रहना है। यह ज्ञानवर्धक शब्द सुशासन के क्षेत्र में नैतिक व्यवहार और न्यायसंगत प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। श्री कौशल ने कहा कि पोस्टिंग के बाद क्षेत्र का अनुभव युवा अधिकारियों को जटिल गतिशीलता की समग्र समझ प्रदान करेगा और सरकार, नागरिकों, व्यवसायों, कर्मचारियों एवं अन्य सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल को बनाए रखेगा।`

उन्होंने कहा कि हरियाणा के अधिकारियों ने जी-20 बैठकों और कार्यक्रमों के आयोजन से अमूल्य अनुभव मिले है, जिससे उनका ज्ञान और दृष्टिकोण वैश्विक स्तर पर बढा है।

श्री कौशल ने कहा कि एक समर्पित सिविल सेवक में अटूट समर्पण, तीव्र श्रवण कौशल, जिम्मेदारी की भावना, अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ निष्ठा, बुद्धिमत्ता और सबसे बढ़कर, निस्वार्थता की भावना जैसे अहम गुण होते है।

श्री कौशल ने इस बात पर बल दिया कि हरियाणा ने एक अभूतपूर्व पहल की है जिसमें निर्धारित समय सीमा के अन्दर सभी 300,000 कर्मचारियों को नैतिकता प्रशिक्षण प्रदान करने वाला हरियाणा अग्रणी राज्य होगा। इस परिवर्तनकारी प्रयास का उद्देश्य एक ऐसा प्रशासन` तैयार करना है जो न केवल चुस्त हो, बल्कि नागरिकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी, प्रभावी और बेहतर ढंग से सेवाएं देने वाला हो। उन्होंने सभी से इस परिवर्तन की अगुवाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी हरियाणा की शुरूआत होने से अधिकारियों के बीच व्यक्तिगत उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी दक्षता में तेजी से विकास हो और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवा का वितरण करने में अग्रणीय हो।

श्री कौशल ने कहा कि इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम में न केवल अधिकारियों की सैद्धांतिक समझ को समृद्ध किया जाएगा बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वे अपनी भूमिकाओं में अपने ज्ञान को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें, जिससे वे प्रशासनिक और सुशासन क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में अच्छी तरह से तैयार और कुशल हो सकेंगे।

हिपा की महानिदेशक सुश्री चंद्रलेखा मुखर्जी ने कहा कि इन एचसीएस अधिकारियों को हिपा, गुरुग्राम में एक कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना पड़ा। इस कार्यक्रम को सोच-समझकर तैयार किया गया था, जिसमें प्रशासनिक कर्तव्य, हाल ही में किए गए संवैधानिक संशोधन, राजस्व प्रबंधन, कानूनी मामले, स्थानीय व पंचायती शासन और मानवाधिकार सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल रही।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को जिला प्रशासन से जोड़ा गया, जिसमें उन्होंने जिलों के अन्दर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया और अपनी सीख को वास्तविक परिदृश्यों में लागू कर सकेंगे। प्रशिक्षण प्रक्रिया लगातार पांच सप्ताह तक चली, जिसमें प्रशिक्षुओं को राजस्व-संबंधित कार्यों में गहन ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से भरपूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस गहन प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों को वास्तविक परिदृश्यों में व्यावहारिक और मूल्यवान अनुभव प्राप्त कर जिला प्रशासन में शामिल किया गया।

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण भारत दर्शन की मनोरम यात्रा रही जिसमें अधिकारियों को आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल राज्यों में ले जाया गया। इस अभियान के दौरान प्रशिक्षुओं` द्वारा देखे गए संस्थानों के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण मिला, जिससे उनकी विशेषज्ञता और ज्ञान में वृद्धि हुई।`

### विश्वास फाउंडेशन ने 25 टीबी ग्रस्त मरीजो के लिए डोनेट की प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट

मनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चंडीगढ़

पंचकूला 10 नवंबर 2023। विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से आज शुक्रवार को 25 टीबी से ग्रस्त मरीजों के लिए प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट दी गई। यह पोषक डाइट की पैकड किटें सिविल अस्पताल सेक्टर 6 पंचकूला में नवनिर्मित टीबी हट में टीबी के स्टाफ ललिता गुर्जर, वीरेंद्र भारद्वाज, जसबीर सिंह, नीरज कुमार ने मिलकर रीसीव की।

विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा ने बताया कि टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण, सोशल, मोरल सपोर्ट व टीबी मुक्त भारत के लिए कम्युनिटी सपोर्ट देने का काम किया है। सरकार का मकसद है कि टीबी को साल 2025 तक खत्म करना है, ऐसे सराहनीय कदम में विश्वास फाउंडेशन भी सरकार के इस फैसले के साथ है। इस मौके पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि मोहित विश्वास व विशाल कुमार मौजूद रहे।

## 8 वॉ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

# जिला स्तरीय निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

एस के शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा चण्डीगढ़

महेंद्रगढ़, नवम्बरः आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में आयुर्वेद फोर वन हेल्थ की थीम के अंतर्गत "हर दिन हर एक के लिए आयुर्वेद" का लक्ष्य लेकर आयुष विभाग जिला महेंद्रगढ़ द्वारा डी०ए०ओ० डॉ० अजीत कुमार के नेतृत्व में जिला स्तरीय विशाल निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुलताजपुर में किया गया।

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी नारनौल मनोज कुमार रहे।

मुख्य अतिथि ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयुर्वेद की औषधीय द्रव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं उसके बाद अपने उद्बोधन भाषण में कहा कि आयुर्वेद में जीवनशैली एवं भोजन के संबंध में विस्तृत विवरण उपलब्ध है। आयुर्वेद में बताया गया है कि कब, कितना, कैसे और क्या खाना चाहिए। आयुर्वेद में वर्णित जीवन शैली के सिद्धांतों और भोजन करने के नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए तथा आयुर्वेद की औषधीय जड़ी बूटियों के विषय में ज्यादा से ज्यादा जानकारी करके उनका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह ढोसी क्षेत्र च्यवन ऋषि की तपोभूमि है जहां आयुर्वेद का विश्वप्रसिद्ध च्यवनप्राश का निर्माण हुआ एवं यह च्यवनप्राश बुढ़ापे में होने वाले शारीरिक लक्षणों को रोकने के साथ साथ खांसी, जुकाम, दमा में भी प्रभावी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इस क्षेत्र में एक बड़ा पंचकर्म केंद्र स्थापित कर ढोसी को न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक मानचित्र पर पहचान दिलाने के लिये प्रयासरत है।




बीजेपी पूर्व जिला प्रधान शिवकुमार मेहता ने कहा कि कोविडकाल में आयुष विभाग महेंद्रगढ़ ने बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया था एवं आम जनता को उस कठिन काल में निस्वार्थ भाव से रोगियों को औषधियां उपलब्ध कराकर राहत प्रदान करने का बड़ा कार्य किया था। आम जनता को अपनी जीवन शैली आहार विहार दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, आयुर्वेद में बताए नियमों के अनुसार पालन करते हुए योग एवं प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनकर स्वस्थ भारत का निर्माण करने में अपना योगदान देना चाहिए। डॉ० भूपेंद्र कुमार द्वारा आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई गयी। शिविर में जोड़ों के दर्द, शूगर, उच्च रक्तचाप, श्वासरोग, माहवारी आदि से संबंधित 295 रोगियों की जांच चिकित्सकों द्वारा करके निःशुल्क औषधियाँ एवं वृद्धजनों को च्यवनप्राश व आमलकी रसायन वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ०ललित मोहन जोशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक सतीश कुमार, डॉ० शशीबाला, डॉ०सतीश कुमार, सभी डिस्पेन्सर, सभी योग सहायकों सहित आयुष विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 2 साल पहले 26 किलो 500 ग्राम अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी अजीत सिंह को 15 साल की कैद और सवा लाख जुमार्ना

ऊषा शर्मा 'कान्त ' संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा चण्डीगढ़

कुरुक्षेत्र नवम्बर : कुरुक्षेत्र में दो साल पहले अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी को अदालत ने दोषी को 15 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1.25 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी के खिलाफ थाना शाहाबाद में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कारागार भेज दिया था। जिला उप-न्यायवादी राजकुमार (ड-ीडीए) ने बताया कि 13 अक्तूबर 2021 को अपराध अन्वेषण शाखा-दो की टीम शाहाबाद में बराड़ा चौक फ्लाईओवर के नीचे मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर अजीत सिंह को उस-ाकी कार सहित जीटी रोड पर रतनगढ़ के पास से काबू किया था। कार की तलाशी लेने पर उसमें से प्लास्टिक कैन में 26 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने दोषी अजीत सिंह उर्फ पिंद्र उर्फ काला निवासी ढकाला पर 15 वर्ष कारावास व 1.25 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर छह माह कैद की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# प्रदेश के किसी भी हिस्से में पराली जलाने की घटना के पकड़े जाने पर जिम्मेदार होगा क्षेत्र का एस एच ओ – शत्रुजीत कपूर

चण्डीगढ़ नवम्बर : हरियाणा के किसी भी हिस्से मे पराली जलाने का कोई मामला सामने आया तो उसके लिए संबंधित थाने का एस एच ओ जिम्मेदार होगा। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ऑफिस के द्वारा सभी पुलिस कमिश्नरों, जिलों के एसपी, रेंज के आईजी, और एडीजीपी को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें यह बात स्पष्ट की गई है।

पुलिस महानिदेशक ऑफिस ने कहा है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, सभी पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्रभारी क्षेत्र में कहीं भी पराली नहीं जलाई जाए। आदेश में कहा गया कि हाईकोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक प्रदेश में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक दिल्ली और साथ लगते राज्यों में गाड़ियों पर पॉल्यूशन के लेवल के हिसाब से रंगीन कोड वाले स्टिकर चस्पां करने के निर्देश भी पुलिस मुख्यालय ने दिए हैं। प्रदेश के आईजी ट्रैफिक और अन्य अफसरों को इसके पालन के निर्देश दिए गए हैं। आईजी ट्रैफिक को ट्रांसपोर्ट महकमे के साथ तालमेल बनाकर ये काम पूरा करने के लिए कहा गया है।



हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बढ़ता एयर पॉल्यूशन सभी के लिए चिंता का विषय है। दीपावली पर पटाखों से यह प्रदूषण और बढ़ जाता है और मरीजों को परेशानी होती है। पटाखों से विषैली गैस निकलती है जिसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जगमगाहट सहित और आतिशबाजी रहित मनानी चाहिए।

पटाखों से विषैली गैस निकलती हैं जिनका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में ह्यजगमगाहट सहित और आतिशबाजी रहितह्न मनानी चाहिए। डीजीपी ने कहा कि हम सभी को इस दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

# पराली के लेकर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है: अभय सिंह चौटाला

चंडीगढ़, नवंबर। इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने पत्रकारों को बताया कि पराली के लेकर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है और यह पहली बार नहीं है। पंजाब सरकार को पराली के मुद्दे पर गंभीरता से काम करना चाहिए। प्रदूषण से जहां नवजात बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है वहीं जहरीली गैसों का बुरा प्रभाव इंसान और पशु-पक्षियों पर भी पड़ता है। एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय किसानों को मशीन देकर उनकी सहायता करनी चाहिए, ताकि इसका समाधान निकले। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों की भी कोई गलती नहीं है उन्हें भी अगली फसल बोनी है, लेकिन सरकार किसानों की कोई मदद नहीं कर रही है।

यमुनानगर में जहरीली शराब से अब तै 9 लोगों की मौत पर कहा कि अगर सरकार सोनीपत और पानीपत के मामले के बाद कार्रवाई करती तो यमुनानगर में लोगों की जान नहीं जाती। सरकार ऐसे मामलों में आरोपियों को सजा देने की बजाय उन्हें बचाने का काम कर रही है। थाना छप्पर की आज हुई घटना प्रदेश सरकार की ना काबलियत का सबूत है। कोविड काल में जब लोग अपने घरों से बाहर तक नहीं आ रहे थे, तब भी प्रदेश में शराब की कोई कमी नहीं थी और बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी हुई। यमुनानगर जिले में जो हुआ उसमें सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। अगर सरकार ईमानदार है तो इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस को काम करने की छूट दी जाए तब ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।



राजनीतिक दलों द्वारा जातिगत राजनीति करने के सवाल पर कहा कि सबसे ज्यादा जाति-धर्म की बात भाजपा वाले करते हैं। हमारी सरकार आने पर हम हरियाणा में जातिगत जनगणना करवाएंगे ताकी हर जाति के लोगों को उनका अधिकार मिल सके। राम कुमार गौतम जाट के नाम से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राजनीति करनी है तो किसी जाति को टारगेट नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भी एक कार्यक्रम में कहा था कि पंजाबी को चिन्ता करने की जरुरत नहीं, मैं भी इसी समुदाय से हूं।

*सबसे ज्यादा जाति-धर्म की बात भाजपा वाले - अभय सिंह चौटाला*

*कांग्रेस के संगठन को लेकर कहा कि कांग्रेस अब पार्टी नहीं रही, हरियाणा कांग्रेस अलग-अलग धड़ों में बंट गई है और उनकी लड़ाई खुलेआम हो रही इनेलो पार्टी ही सबको दिलाएगी न्याय*

*निकाय चुनावों पर कहा कि सरकार निकाय चुनाव से भाग रही है, सरकार को ये चुनाव करवाने चाहिए*

कांग्रेस के संगठन को लेकर कहा कि कांग्रेस अब पार्टी नहीं रही। हरियाणा कांग्रेस अलग-अलग धड़ों में बंट गई है और उनकी लड़ाई खुलकर लोगों के सामने आ गई है। अगर विपक्ष इस तरह ये लड़ेगा तो लोगों की आवाज कौन उठाएगा? उन्होंने कहा कि लोगों को अब हमारी इनेलो पार्टी ही न्याय दिला सकती है। निकाय चुनावों पर कहा कि सरकार निकाय चुनाव से भाग रही है। सरकार को ये चुनाव करवाने चाहिए। इस दौरान इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी भी मौजूद रहे।

# सामाजिक व धार्मिक विचारों वाली महिला थी स्व. शकुंतला देवी : विप्लब कुमार देब

## -प्रदेश प्रभारी सहित अनेक नेताओं ने दी सांसद सुनीता दुग्गल की माता को श्रद्धांजलि-

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल की माता की श्रद्धांजलि सभा वीरवार को फलेमिंगों रेस्टोरेंट में हुई। इसमें संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा धर्मवीर रतेरिया एवं प्रवीण पोपली, प्रदेश मंत्री सरोज सिहाग, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, रणधीर सिंह धीरू, कृष्ण खटाना, जिला मीडिया



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश महामंत्री, जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष सहित सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए सांसद सुनीता दुग्गल व उनके शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। प्रदेश प्रभारी विप्लब कुमार देब ने शोक सभा में कहा कि स्व. शकुंतला देवी धार्मिक व सामाजिक विचारों वाली महिला थी। उनके निधन से परिवार व सामाजिक कार्यों को जो क्षति पहुंची है, उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने शोक ने बताया कि पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ोली, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्ट.अभिमन्यु सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने स्व. शकुंतला देवी के निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।उपरोक्त के अलावा इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग, मेयर गौतम सरदाना, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, जिला महामंत्री प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, अशोक मित्तल, सुरेश गोयल धूपवाला, डॉ. योगेश बिदानी, डॉ. वैभव बिदानी, हरियाणा पत्रकार उत्थान मंच के प्रदेश महासचिव राजेश सलूजा, उकलाना प्रेस क्लब के प्रधान जगदीश असीजा, बजाज गुरुकुल स्कूल के डायरेक्टर अश्वनी बजाज, बहादुर सिंह नंगथला, विशाल मेहता के अलावा हिसार व राज्य के अन्य क्षेत्रों से आए पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भी स्व. शकुंतला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिमला के इन 3 गांवों में इस साल नहीं मनाई जाएगी दीवाली, वजह सुन छलक पड़ेंगे आंसू

शिमला. एक तरफ पूरा देश दीवाली की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के तीन गांवों में दीवाली नहीं मनाई जाएगी. राजधानी शिमला के समरहिल के साथ लगते शिव बावड़ी के ऐंदड़ी, गाहन और भगोग गांव में परंपरा के मुताबिक दीपोत्सव नहीं मनाया जाएगा. दरअसल, इस साल 14 अगस्त को यहां कयामत आई थी. भूस्खलन में भारी जान-माल का नुकसान हुआ था. इस भीषण त्रासदी ने स्थानीय लोगों को जीवन भर का गम दिया था. उनके जख्म अब तक ताजे हैं. इस हादसे में 20 लोगों की दुखद मृत्यु हुई थी. इस दुखद हादसे के चलते इस बार यहां दशहरा भी नहीं मनाया गया था.

समरहिल के पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि ऐसा हादसा आज तक इस क्षेत्र में नहीं हुआ. हादसे के बाद अब तक माहौल पूरी तरह से गमगीन है. इस हादसे ने यहां के लोगों को जिंदगी भर के जख्म दिए हैं, जो कभी नहीं भर सकते हैं. इसलिए यहां किसी तरह का त्यौहार इस बार नहीं मनाया जाएगा. स्थानीय निवासी और स्पोर्टस एंड कल्चरल सोसाइटी के सदस्य राजकुमार ने बताया कि इस दुखद हादसे के चलते समरहिल में दशहरा भी नहीं मनाया गया. इस फैसले से मृतकों और उसके परिवार के प्रति श्रद्धांजलि दी जाएगी.

मंदिर, रेलवे ब्रिज को पहुंचा था खासा नुकसान

मृतकों के रिश्तेदार जगदीश ठाकुर ने बताया कि रीति रिवाजों के अनुसार एक साल तक किसी तरह का त्यौहार नहीं मनाया जाएगा. शिव बावड़ी के साथ लगते क्षेत्र में आज भी सन्नाटा पसरा हुआ है. भूस्खलन के कारण सैकड़ों साल पुराने मंदिर को खासा नुकसान पहुंचा है. मंदिर के ठीक ऊपर रेलवे पुल भी था, जो आपदा की भेंट चढ़ गया था. रेलवे ब्रिज को ठीक किया जा चुका है. रेलगाड़ी इस पर से गुजर रही है. इस ब्रिज पर आते ही रेलगाड़ी की गति बेहद धीमी हो जाती है. पटरी पर गुजरती रेल का शोर भी कम हो जाता है.

